98

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–01/2026 3195 /पटना, दिनांक– 13.3.26

संवेदक Adarsh Builders Engicon Private Limited (Reg. No. 2220705), At- Add-H.No-288, Professor Colony, Near Bed College, Po- Kashipur, Samastipur, Bihar-Pincode: 848101 को कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर के अधीन Construction of Box Bridge at ch-3+645 Km in T01 Khanpur to Mananpur via Shadipur Road (Tender ID-136738) पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 15.01.2025 तथा कार्य समाप्ति की तिथि:–14.01.2026 था।

उक्त पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2871दिनांक 12.12.2025 द्वारा एकरारनामा संख्या:– 15/SBD/2024-25 को विखंडित करते हुए अपने पत्रांक 3068 अनु0 दिनांक 30.12.2025 द्वारा संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 671 अनु0 दिनांक 16.01.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर के पत्रांक 436 अनु0 दिनांक 20.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक को अनेको पत्र के माध्यम से कार्य समयानुसार करने हेतु निदेशित किया गया था लेकिन संवेदक द्वारा पत्नी के ईलाजरत रहने के कारण कार्य करने में उदासीनता बरती गई है। ईलाज के लिए समस्तीपुर से बाहर है और यह भी कहा गया कि ईलाज में सुधार हो रहा है, ईलाज के बाद कार्य प्रारम्भ कर देंगे।

एकरारनामा के कंडिका–52 के अनुसार कार्य स्थल पर 28 दिन से ज्यादा कार्य बन्द रखा गया है। स्थल पर संवेदक द्वारा डायवर्सन का कार्य हेतु मिट्टीकरण किया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Adarsh Builders Engicon Private Limited (Reg. No. 2220705), At- Add-H.No-288, Professor Colony, Near Bed College, Po- Kashipur, Samastipur, Bihar- Pincode: 848101 के निबंधन संख्या:–2220705, PAN No. AAMCA8825E को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

12.03.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–01 / 2026 3195 / पटना, दिनांक– 13.3.26

प्रतिलिपि– Adarsh Builders Engicon Private Limited (Reg. No. 2220705), At-Add-H.No-288, Professor Colony, Near Bed College, Po- Kashipur, Samastipur, Bihar-Pincode: 848101 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–01 / 2026 3195 / पटना, दिनांक– 13.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–01 / 2026 3195 / पटना, दिनांक– 13.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–01 / 2026 3195 / पटना, दिनांक– 13.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख